# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

पत्रांकःसा0— 2600 /मी0क्षे0/33 दिनांक, मीरजापुर, दिसम्बर 02 2019

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषयः जनपद–सोनभद्र में हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुसागर पावर डिवीजन), रेणुसागर को 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन हेतु हस्तांतरित 38.2591 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि को 25 वर्षो (दिनांक–09.02.2016 से 08.02.2041 तक) के लिये नवीनीकरण के संबंध में ।

संदर्भः
1. उप वन महानिरीक्षक(केन्द्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ,क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य) केन्द्रीय भवन, पंचम तल, सेक्टर–एच0 अलीगंज लखनऊ का पत्र संख्या–8बी/यू0पी0/04/68/2019/एफ0सी0/244 दिनांक– 14.08.2019
2. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 का पत्र संख्या–भा0स0–131/81–2–2019–145(233)/64 लखनऊ दिनांक– 27.09.2019
3. आपका पत्र संख्या–371/11–सी–एफ0पी0/ यू0पी0/ग्रान्स/18048/2018 लखनऊ दिनांक– 22.08.2019

महोदय,

विषयक प्रकरण में भारत सरकार के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक– 14.08.2019 द्वारा 6 (छः) बिन्दुओं से संबंधित सूचना/अभिलेख उपलब्ध कराने की निर्देश दिये गये हैं। उक्त के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट ने अपने कार्यालय के पत्रांक–1595/रेनुकूट/15–28 दिनांक 13.11.2019 एवं पत्रांक 1839/रेनुकूट/15–28, दिनांक 28.11.2019(छाया प्रति संलग्न) द्वारा प्रश्नगत बिन्दु की अनुपालन आख्या निम्नानुसार 4 (चार) प्रतियों में संलग्न करते हुए संस्तुति सहित इस कार्यालय को निम्न प्रकार प्रेषित किया है :–

| क्रम संख्या | उप वन महानिरीक्षक(केन्द्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ,क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य) केन्द्रीय भवन, पंचम तल, सेक्टर–एच0 अलीगंज लखनऊ का पत्र संख्या–8बी/ यू0पी0/04/ 68/ 2019 /एफ0सी0/244 दिनांक–14.08.2019 द्वारा मॉगी गयी सूचना/अभिलेखो का विवरण | प्रभाग की अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | The proposal is not showing online on the Portal of Regional Office. | इस बिन्दु में उठायी गयी आपत्तियों का निराकरण संस्थान के नई दिल्ली आफिस द्वारा करा दिया गया है। वर्तमान में प्रभाग के पोर्टल पर ऑन लाईन प्रदर्शित हो रहा है जिसमें अपेक्षित सूचना को ऑनलाईन अपलोड किया गया है । |
| 2 | The SOI toposheet of diverted land and CA land has not been submitted in standard scale 1:50,000. It is in merger format | इस बिन्दु के अनुपालन में हस्तान्तरित वन भूमि एवं उसके सापेक्ष क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रस्तावित अवनत वन भूमि से संबंधित 1:50,000 स्केल की टोपोशीट संलग्न है । |
| 3 | The Geo-referenced maps of proposed CA land have not been submitted. | इस बिन्दु के अनुपालन में क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रस्तावित अवनत वन भूमि से संबंधित जीओ–रेफरेन्स मानचित्र पूर्व में प्रेषित किया गया है जिसकी प्रति पुनः संलग्न है । |
| 4 | Shceme of raising Dwarf variety of plants under Transmission line is not submitted. | इस बिन्दु के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रकरण ट्रांसमिशन लाइन में प्रभावित वन भूमि का निरीक्षण प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट द्वारा दिनांक 26.11.2019 को क्षेत्रीय वन अधिकारी अनपरा एवं पिपरी के अधीनस्थ स्टाफ तथा प्रस्तावक कम्पनी के प्रतिनिधि के साथ किया गया निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रश्नगत ट्रान्समिशन लाईन के |

| | | |
|---|---|---|
| | | नीचे बौने प्रजाति के वृक्षारोपण करने हेतु कोई भी अवनत वन भूमि उपलब्ध नही है बल्कि पूर्व से ही विभिन्न प्रजाति के प्राकृतिक वन वृक्ष मौजूद है। इस कारण बौने प्रजाति के वृक्षारोपण करने हेतु स्कीम उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता नही है । |
| 5 | Penal NPV along with the interest payable as per recent guidelines of the Ministry dated 29.10.2018 has not been proposed by the State Government | इस बिन्दु के अनुपालन में संस्थान द्वारा प्रस्तुत वचनबद्धता प्रमाण–पत्र सत्यापित करते हुए संलग्न है । |
| 6 | The compliance of above mentioned shortcomings should be ensured/submitted by the State Government along with proper recommendation. | इस बिन्दु के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रकरण में उच्च स्तर से जो भी कमियॉ इंगित करते हुए वांछित सूचना/अभिलेखो की मॉग की गयी थी उसे संस्थान एवं प्रभाग द्वारा स–समय उच्च स्तर पर प्रेषित की गयी है । |

अतः प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट द्वारा प्रश्नगत के सम्बन्ध में प्रेषित बिन्दुवार आख्या एतद्सह संलग्न कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार 3 प्रतियों में ।**

**भवदीय,**

**(रमेश चन्द्र झा)**
मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

**संख्या–** 2600 **अ/समदिनांक।**

**प्रतिलिपि** : प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट को उनके संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(रमेश चन्द्र झा)**
मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर